# विधायकों के यहां वीसी सैट लगेंगे

## पांच वर्ष के टारगेट को लेकर विधानसभावार विजन डॉक्यूमेंट बनाया, सीएम ने पत्रकार वार्ता में कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विधायकों के यहां वीसी सैट लगेंगे. वीसी सैट लगने से वे प्रशासनिक अफसरों के साथ सीधे ऑनलाइन जुड़ सकेंगे.**



यह बात उन्होंने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पत्रकार वार्ता के दौरान कही. उन्होंने बताया कि विधानसभावार विजन डॉक्यूमेंट तैयार किये गये हैं. ये डॉक्यूमेंट पांच वर्ष के टारगेट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. ये अब कलेक्टर का काम है कि वे प्रापर कैसे विकास करायें. उन्होंने कहा कि विधानसभा सम्मेलन होंगे, जिसमें विकास के रोडमैप पर चर्चा होगी. ये सम्मेलन तय करने की जिम्मेदारी प्रभारी मंत्री की होगी. जिला स्तर पर विकास समितियां गठित होंगी, इसमें अपने क्षेत्र के सिद्धहस्त लोग शामिल होंगे. ये शांति कमेटी की तरह होगी. सीएम ने कहा कि प्रदेश में आने वाले दिनों में मंडी और पंचायतों के चुनाव होंगे, माहौल बनाने के लिये निर्देश दे दिये गये हैं. 12 दिसंबर को सरकार के दो वर्ष पूरे होंगे. अफसर सरकार की योजनाओं को नीचे उतारने के लिये बैक बोन का काम करते हैं. कफ सिरप से बच्चों की मौत पर सीएम ने कहा कि भरे मन से कहता हूं कि ऐसी कोई चूक होती है तो तकलीफ होती है. स्वास्थ्य मंत्री नागपुर भी गये थे. ये हमारी सामूहिक जवाबदारी है. प्रतिपक्ष को भी जिम्मेदारी से काम लेना चाहिए, चुनाव तो पांच वर्ष में आते-जाते रहते हैं. सकारात्मक आलोचना करें, इसमें कोई बुराई नहीं है. उन्होंने कहा कि 8 वर्ष बाद कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है.

इससे पहले कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन का प्रथम सत्र सुशासन में संवाद की महत्ता पर केंद्रित रहा. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शासन की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की सही और समायोजित जानकारी जन सामान्य तक पहुंचाने की महत्ता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि सूचनाओं का पारदर्शी प्रसार सरकार की विश्वसनीयता स्थापित करने का मुख्य आधार है. इसके साथ ही जिला प्रशासन को अफवाहों, गलत जानकारी और दुष्प्रचार का खंडन करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने चाहिए. इससे जनहित की रक्षा के साथ सरकार की छवि को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी.

**संचार के सभी माध्यमों से हो योजनाओं का प्रचार-प्रसार**

आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना ने जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों का प्रेजेन्टेशन देते हुए कहा कि सकारात्मक जनमत तैयार करने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा सकता है. नवीनतम तकनीकों के उपयोग से जनसंपर्क गतिविधियों को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाना संभव हुआ है. सक्सेना ने कहा कि मैदानी स्तर पर शासन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी कलेक्टर है. कलेक्टर्स, मीडिया से सतत-समन्वय-संपर्क और संवाद में रहें. मीडिया प्रतिनिधियों के साथ नियमित ब्रीफिंग के लिए एक समय का निर्धारण किया जाए. नियमित अंतराल पर कलेक्टर्स मीडिया के साथ औपचारिक बैठक करें.

**सीएम को जनअपेक्षाओं से अवगत कराना कलेक्टर की जिम्मेदारी : सीएस**

मुख्य सचिव ने कहा कि विधानसभा वार विजन डॉक्यूमेंट विकसित किए गए हैं. इसके क्रियान्वयन को सभी जिले प्राथमिकता पर लें. उन्होंने कहा कि समाधान ऑनलाइन में आने वाले प्रकरणों के निराकरण के साथ व्यवस्था में हो रही कमियों पर ध्यान देते हुए उन्हें दूर करने के प्रयास किए जाएं. मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों में मुख्यमंत्री के दौरों के दौरान जिलों की सामान्य समस्याओं और जन अपेक्षाओं से अवगत कराना जिला कलेक्टर का दायित्व है. विभागों और जनसंपर्क अधिकारी के मध्य समन्वय के लिए जिला कलेक्टर किसी वरिष्ठ अधिकारी को नोडल ऑफिसर नामांकित करें.

# पेंशनर्स ने शासकीय कर्मियों के समान मांगा डीए

## राजधानी के अंबेडकर पार्क में दिया धरना

**भोपाल, 8 अक्टूबर. बुधवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये पेंशनर्स प्रतिनिधियों ने अंबेडकर जयंती पार्क भोपाल में आल प्रगतिशील पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन मप्र के तत्वावधान में धरना दिया.**

एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष सुधीर दुबे के नेतृत्व में पेंशनर्स ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के नाम सौंपा. ज्ञापन में उन्होंने पेंशनर्स को शासकीय कर्मचारियों के समान दिए गए 2% महंगाई राहत शीघ्र देने, पेंशनरों के बेरोजगार बच्चों एवं अल्प वेतन पर काम करने वाले बच्चों को पीला राशन कार्ड प्रदान करने, पेंशनर की मृत्यु होने पर उनके परिवार को एक लाख पच्चीस हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने, शासन के आदेशानुसार 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनर को एक वेतन वृद्धि का लाभ एवं उसका एरियर दीपावली के पूर्व देने और म. प्र. शासन की योजना अनुसार पेंशनर्स को पांच लाख का मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करने की मांग की.



इस धरना प्रदर्शन को सफल बनाने में प्रांताध्यक्ष सुधीर दुबे, उप प्रांताध्यक्ष रमेश जोशी, डॉ के एस गंगवार, महा मंत्री अभय कुमार जैन, डॉ एच के टांक, राजा भैया गुर्जर, एस एल सहगल, प्रदेश प्रवक्ता हर प्रसाद वंशकार गौतम, जगदीश सिंह राजपूत, संयुक्त सचिव पियूष वर्मा (जबलपुर) का विशेष योगदान रहा.

प्रांताध्यक्ष ने वित्त विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इनका अपने अधीनस्थ अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं रहा है और प्रदेश में वृद्ध एवं अशक्त पेंशनर्स का शोषण हो रहा है. आंदोलन में भोपाल, सीहोर, विदिशा, राजगढ़, होशंगाबाद, बैतूल, जबलपुर, गुना, ग्वालियर, इटारसी, चाचौड़ा, नसरुल्लागंज, आष्टा, श्यामपुर, बुदनी, रायसेन सहित पूरे प्रदेश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

# दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

**शिवपुरी.** शिवपुरी जिले में दो आदिवासी बच्चों की गांव के तालाब में डूबने से मौत हो गई. मायापुर पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम मानिकपुर के पास तलैया में दो बच्चे डूब गए थे. परिजन बच्चों को तलैया से निकलकर जिला चिकित्सालय लाए, जहां बुधवार को तड़के उनकी मृत्यु हो गई. पिछोर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत शर्मा ने बताया कि दोनों की पहचान सन्नू आदिवासी (7) एवं सोमपाल आदिवासी (5) के रूप में हुई है.

# जबलपुर के राजस्व रिकॉर्ड रूम को लेकर दिया प्रजेंटेशन

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 अक्टूबर. कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन प्रथम सत्र में जबलपुर में राजस्व विभाग के रिकॉर्ड रूम को लेकर हुए नवाचार को उपयोगी तथा अनुकरणीय बताते हुए सराहा गया. इस नवाचार ने जनसामान्य के राजस्व रिकॉर्ड देखने के अनुभव को पूर्णतः बदल दिया है.**



आयुक्त जनसंपर्क एवं तत्कालीन कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना ने लघु फिल्म के प्रस्तुतिकरण में बताया कि जबलपुर के नवीनीकृत राजस्व अभिलेखागार का वातावरण अब बैंक के लॉकर रूम जैसा है. इस पहल से जनसामान्य के साथ रिकॉर्ड रूम के कर्मचारियों को भी गंदे-बदबूदार वातावरण से मुक्ति मिली है और वे रिकॉर्ड ढूंढने की मशक्कत से मुक्त हुए हैं. परिवारों की पीढ़ियों के लिए विशेष महत्व रखने वाला यह राजस्व रिकॉर्ड न केवल अब सुरक्षित है, अपितु रिकार्ड कहां रखा है, इसके संबंध में भी पारदर्शिता आयी है और आवश्यक जानकारियां अब सभी के लिए सुलभ हैं.

इसके तैयार किये गये पोर्टल पर चंद एंट्रियों से पता चल जाता है कि रिकॉर्ड किस रैक-शेल्फ-बॉक्स में किस नंबर पर रखा हुआ है. आवेदक घर बैठे भी यह जानकारी प्राप्त कर सकता है और रिकॉर्ड रूम के बाहर लगाए गए कियोस्क से भी रिकार्ड में केस की लोकेशन का पता लगा सकता है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर प्रवास के दौरान जनसामान्य के जीवन को आसान बनाने वाले इस नवाचार की सराहना करते हुए जबलपुर जिला प्रशासन को इस पहल के लिए बधाई दी थी.

# शादी सहायता योजना में घोटाला

## ईडी ने 7 ठिकानों पर मारे छापे



**भोपाल, 8 अक्टूबर. कोरोना काल में विवाह सहायता योजना में 30 करोड़ से अधिक का फर्जी भुगतान का मामला सामने आया है. ईडी ने पूर्व सीईओ शोभित त्रिपाठी के भोपाल, विदिशा, कटनी और छतरपुर ठिकानों पर छापे मारे.**

कार्रवाई के दौरान संपत्ति के कागजात, डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए. 21.7 लाख रुपए के बैंक खाते और म्यूचुअल फंड फ्रीज किए गए.

जांच के बाद त्रिपाठी को निलंबित किया गया है. जांच में पहले से विवाहित व फर्जी नामों से भुगतान के सबूत मिले. बता दे कि मामले को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने विधानसभा में मुद्दा उठाया था. लॉकडाउन में 5,923 फर्जी विवाह स्वीकृत कर करोड़ों का भुगतान किया गया.

# अंडरब्रिज में भरा पानी, रेल पटरी पार करने मजबूर लोग

**सलामतपुर.** सांची जनपद के अंबाडी-छपरई मार्ग पर स्थित रेलवे गेट कुछ साल पहले बंद करके नीचे से अंडर पुलिया बनाई गई थी, लेकिन यह पुलिया अब ग्रामीणों के लिए जोखिम का सबब बन गई है. बारिश के मौसम में पानी भर जाने के कारण यह मार्ग बंद हो जाता है, जिससे आसपास के दर्जनों गांवों के लोग रोजाना जान जोखिम में डालकर रेल की पटरी पार करने को मजबूर हैं. ग्रामीणों ने बताया कि मोटरसाइकिल को दो लोग उठाकर रेल की पटरी के दूसरी तरफ ले जाना पड़ता है. यही मार्ग स्कूल जाने वाले बच्चे और किसान रोजाना इस्तेमाल करते हैं.

# अधिवेशन में साँची विवि के छात्रों ने पढ़े शोध पत्र

**सलामतपुर, 8 अक्टूबर. सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के योग एवं आयुर्वेद विभाग के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ दर्शन परिषद् के राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता की.**



समाज के स्वास्थ के लिए योग कितना उपयोगी है तथा सामाजिक सद्भावना में योग एवं खेलों की क्या भूमिका है, जैसे विषयों पर विश्वविद्यालय के 15 छात्रों ने शोध पत्र प्रस्तुत किये. उज्जैन के बड़नगर अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ दर्शन परिषद् का 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ. 5-6 अक्टूबर को इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा किया गया था. इस आयोजन में सॉंची बौद्ध -भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के योग एवं आयुर्वेद विभाग के विभागाध्यक्ष सहित विद्यार्थियों ने शोध पत्रों का वाचन किया. सभी विद्यार्थियों ने अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम का भ्रमण किया और सेवा धाम के संस्थापक सुधीर भाई के साथ योग के संबंध में शोध-परक कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की.



# तेंदुए के 3 शावकों के मिले शव

## मचा हड़कंप, 9 महीने के थे सभी शावक

**नर्मदापुरम, 8 अक्टूबर.** जिले के केसला ब्लॉक के सुखतवा स्थित चाटूआ गांव में जंगल मे बुधवार को तेंदुए के तीन शावक मृत मिले है. तीनों शावकों की उम्र करीब 9 माह होना बताई जा रही है. इस घटना से हड़कंप मच गया है. शावकों के शवों को देखने से लग रहा है कि जंगल के किसी अन्य जानवर के हमले में शावकों की मौत हुई है. तीनों शावकों के शवों का पोस्टमार्टम वन विभाग के अधिकारियों ने डॉक्टर से कराया है.

जानकारी के अनुसार, जहां शावकों के शव मिले हैं, उस स्थान पर अन्य वन्यप्राणियो के पैरों के निशान भी मिले हैं. वन विभाग इस घटना की जांच कर रहा है.

# बुजुर्गों को विटामिन्स युक्त दवाएं वितरित कीं

**भोपाल, 8 अक्टूबर. इनरव्हील भोपाल राइज़ एक युवा-प्रेरित सामाजिक संस्था ने ईदगाह हिल्स स्थित आसरा वृद्धाश्रम में वरिष्ठ जन और वृद्ध नागरिकों के साथ समय बिताया. उन्हें अपनेपन और खुशी का एहसास कराया.**




वरिष्ठ गायनाकोलॉजिस्ट डॉ. छाया बुधवानी ने बुजुर्गों की स्वास्थ्य समस्याओं का निराकरण किया. उनको विटामिन्स युक्त दवाएं वितरित भी प्रदान की. इस दौरान इनरव्हील भोपाल राइज़ की टीम ने वृद्धाश्रम के निवासियों को गिफ्ट हैम्पर वितरित किए. बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान और आनंद की झलक आ गई. यह पहल संगठन की समाज में सकारात्मकता और करुणा फैलाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है. इनरव्हील भोपाल राइज़ की प्रेसिडेंट ने कहा- वृद्धाश्रम के निवासियों के साथ समय बिताना और उनके चेहरों पर खुशी देखना हमारे लिए एक भावनात्मक अनुभव था.

उनके आशीर्वाद हमें समाज के लिए और अधिक कार्य करने की प्रेरणा देते हैं.यह दौरा कृतज्ञता और समाज कल्याण के प्रति नई ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ.

# सीएमएचओ के पहुंचने से पहले गायब हुए झोलाछाप डॉक्टर

**चंदला, 8 अक्टूबर. जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी के चंदला आने से पहले झोलाछाप डॉक्टरों ने अपनी क्लीनिक में ताला डाल दिया और गायब हो गए. डॉक्टरों के साथ-साथ कई मेडिकलों के संचालक भी दुकानें बंद करके गायब दिखे. कुछ मेडिकलों की जांच हुई, जहां से बैन दवाओं को हटाया गया.**



बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ठीक सुविधा न मिलने के कारण झोलाछाप डॉक्टरों की चांदी रहती है . झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जाता है.

**इनका कहना है**


कलेक्टर के आदेश अनुसार जो ड्रग्स बैन हुई है, जिसमें 21 बच्चों की मौत हुई है, उन दवाओं को सभी मेडिकल से हटाया गया है.

**लखन सिंह,** बीएमओ, लवकुशनगर

# खजुराहो-बनारस के बीच दौड़ेगी वंदे भारत

- पर्यटन, व्यापार और रोजगार को नई उड़ान देने की तैयारी
- बुंदेलखंड को मिला दिवाली का तोहफा

**खजुराहो, 8 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड अंचल को इस दिवाली केंद्र सरकार की ओर से बड़ी सौगात मिलने जा रही है. खजुराहो से बनारस के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मंजूरी मिल गई है.**



यह घोषणा खजुराहो सांसद और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा (वी.डी. शर्मा) की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से हुई फोन पर बातचीत के बाद हुई. सांसद शर्मा ने इस निर्णय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री द्वारा बुंदेलखंड को दिया गया दीवाली गिफ्ट बताया है. सांसद शर्मा ने बताया कि खजुराहो से बनारस के बीच वंदे भारत ट्रेन की मांग लंबे समय से की जा रही थी. कुछ माह पूर्व उन्होंने रेल मंत्री से दिल्ली में मुलाकात कर इस संबंध में पत्र सौंपा था. शर्मा के आग्रह पर रेल मंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए इस मार्ग पर ट्रेन चलाने की सहमति दी थी. मंगलवार को हुई फोन पर चर्चा के दौरान रेल मंत्री ने सांसद को बताया कि ट्रेन शुरू करने के आदेश एक-दो दिन में जारी कर दिए जाएंगे. शर्मा ने कहा कि यह ट्रेन बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए विकास और समृद्धि की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगी. सांसद शर्मा ने कहा कि बाबा मतंगेश्वर की नगरी खजुराहो से बाबा काशी विश्वनाथ की नगरी बनारस को जोड़ने वाली यह वंदे भारत एक्सप्रेस धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई देगी.

**स्थानीयों में खुशी, सांसद ने जताया आभार**

घोषणा के बाद स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने खुशी जताई. उनका कहना है कि वंदे भारत ट्रेन शुरू होने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और मध्यप्रदेश का गौरवशाली पर्यटन नक्शे पर और चमकेगा. सांसद वी.डी. शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है. उन्होंने कहा, यह केवल एक ट्रेन नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के विकास की नई रफ्तार है.



# 4 लाख में एक मां की गोद खरीदना चाहती है सरकार : उमंग सिंघार

**छिंदवाड़ा/ परासिया, 08 अक्टूबर . जिले में जहरीले कफ सिरप से मासूम बच्चों की हो रही मौत के मामले में प्रदेश सरकार विपक्ष के निशाने पे है. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर निशाना साधते हुए छिंदवाड़ा का दौरा किया.**

परासिया के इंटक हाल में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवार को चार लाख रूपए देकर एक मां की गोद खरीदना चाहती है? अगर सरकार सही में इस मुद्दे पर संवेदनशील है तो ऐसे पीड़ित परिवार जिनके बच्चे की मौत हो चुकी है उन्हें इलाज का पूरा खर्चा दे. नहीं तो वह परिवार जीवन भर कर्ज के बोझ में दबे रहेंगे. इतनी मौत के बाद सरकार आज तक जिम्मेदारी तय नहीं कर पाई है. छोटे व्यक्ति पर सरकार कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रही है. आज दिनांक तक सरकार उस कंपनी पर शिकंजा नहीं कस पाई है जिसके द्वारा यह जहरीला कफ सिरप बनाया गया. सरकार का पूरा सिस्टम फेल है.

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री पीड़ित परिवारों के घर पहुंच कर केवल उनका हाल-चाल जान रहे हैं ऐसे बेशर्म मंत्री को तुरंत पद से इस्तीफा दे देना चाहिए. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार नींद में सो रही है. जब तक दर्जनों बच्चों की जान नहीं गई, तब तक सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया. यह लापरवाही अक्षम्य है.

**कफ सिरप कांड** | सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर गंभीर है : स्वास्थ्य मंत्री

# दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : उपमुख्यमंत्री शुक्ल

**छिंदवाड़ा/ परासिया,08 अक्टूबर .** छिंदवाड़ा में किडनी फेल से हो रही लगातार बच्चों की मौत के मामले में सरकार पर विपक्ष लगातार हमलावार हो रही है. प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बयान दिया कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर गंभीर है.

मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय टीम गठित कर जाँच के निर्देश दिए हैं. स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के परासिया दौरे के बाद अब प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ



चिकित्सा मंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल ने परासिया का दौरा करते हुए पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हाल चाल जाना. स्वास्थ्य मंत्री डॉ शुक्ल परासिया के खजरी अंतू,मोरडोंगरी और बड़कुई में पीड़ित परिवारों से मिले, उसके पश्चात उन्होंने परासिया स्वास्थ्य केंद्र का दौरा करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया. स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने परासिया अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि परासिया में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर केवल भवन है, लेकिन सुविधाएं नदारत है.

स्वास्थ्य मंत्री ने शीघ्र परासिया अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहिया कराए जानें का आश्वासन हुए कहा कि सरकार कफ सिरप से हो रही मौत के मामले में एक्शन ले रही है. उन्होंने भारत सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की जा रही एडवाइजरी का पालन लोगों से करने की अपील करते हुए कहा कि वे केवल उन कफ सिरप का उपयोग करें जिसमें सरकार की ओर से एडवाइजरी दिखाई गई है तथा वे ऐसे कफ सिरप का बिल्कुल उपयोग न करें जिसमें एडवाइजरी जारी नहीं की गई है. स्वास्थ्य मंत्री ने आई एम ए का जिक्र करते हुए कहा कि वे अपना काम करें. सरकार अपना काम कर रही है.कानून को अपना काम करने दे. जो निर्दोष होगा वह छूट जाएगा. लेकिन इस मामले में दोषी को किसी भी प्रकार से बक्शा नहीं जाएगा.

# त्योहार के पहले मुरैना में अवैध पटाखे बरामद

**मुरैना.** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में पुलिस ने एक मकान से अवैध पटाखों का जखीरा जब्त किया है. अंबाह पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि अंबाह के जग्गा रोड स्थित एक मकान में विक्रय करने के लिए अवैध पटाखों का भंडारण किया गया है.

# रायसेन में 3000 रुपये क्विंटल बिकी धान

**रायसेन, 8 अक्टूबर. जिले की कृषि उपज मंडी में नई धान की आवक की शुरुआत हो गई है. मंगलवार को चार ट्रॉली नई धान मंडी पहुंची, जिसकी बिक्री 2500 से 3000 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर हुई.**

इस मौके पर व्यापारियों ने किसानों का माला पहनाकर स्वागत किया और धान की पूजा-अर्चना कर खरीदी की शुरुआत की.

पूसा पी-वन वैराइटी को मिले अच्छे दाम: कुमकुम ट्रेडर्स के व्यापारी योगेंद्र साहू ने पूसा पी-वन धान की खरीद 2611 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की. अन्य व्यापारी भी इसी वैरायटी में रुचि दिखा रहे हैं. मोती धान की भी शुरुआत हो चुकी है. सूखी सेवानिया से आए किसान संजय कुशवाह ने बताया कि उन्होंने पांच एकड़ में धान लगाई थी, लेकिन इस बार उत्पादन कम रहा.